पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्रधानमंत्री द्वारा नोटबंदी का निर्णय काला धन एवं भ्रष्टाचार पर प्रहार है - राज्यपाल
नोटबंदी का निर्णय भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने वाला निर्णय है - केन्द्रीय गृहमंत्री

लखनऊः 31 दिसम्बर, 2016

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में आज 'डिजी धन मेला' में नकद विहीन लेन देन को प्रोत्साहित करने के लिये भारत सरकार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में लकी ग्राहक एवं डिजी धन व्यापार योजना का लखनऊ में शुभारम्भ किया गया। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह थे। इस अवसर पर केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री श्री संतोष गंगवार, लखनऊ के महापौर डाॅ0 दिनेश शर्मा, मशहूर गायक श्री कैलाश खेर, राष्ट्रीय ई गवर्नेस की अध्यक्षा श्रीमती एस0 राधा चाहौन, नीति आयोग के सलाहकार श्री आलोक कुमार सहित अन्य विशिष्टजन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में एनसीपीआई द्वारा नकद विहीन लेन देन करने वाले कृषि व्यवसाय से जुडे श्री रामजी, श्री जगपाल शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया तथा गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा जनसेवा केन्द्र से जुडे श्री आशीष शुक्ला, श्री विकास गुप्ता, सुश्री वंदना गुप्ता तथा शिवज्ञान सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि पूर्व में मोबाईल फोन केवल संचार का एक माध्यम था। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश की आबादी 135 करोड़ से ज्यादा है। आज लगभग 2.5 करोड़ लोग लैण्डलाईन फोन का प्रयोग करते है तथा 103 करोड़ लोग मोबाईल फोन का प्रयोग कर रहे हैं। आज छोटे से छोटा काम करने वाला व्यक्ति भी मोबाईल का प्रयोग करता है। नकद विहीन लेन देन को बढ़ावा देने के लिये मोबाईल के माध्यम से अनेक प्रकार की सुविधाओं की शुरूआत करके प्रधानमंत्री ने देश को आर्थिक विकास की नयी राह दिखायी। नकद विहीन लेद देन से नोट छापने में आने वाले भारी भरकम आर्थिक व्यय से बचा जा सकता है साथ ही कागज का प्रयोग कम होने से पर्यावरण पर भी इसका अच्छा प्रभाव पडेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा नोटबंदी का निर्णय काला धन एवं भ्रष्टाचार पर प्रहार है।

गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नोटबंदी के बाद तीन सौ प्रतिशत नकद विहीन लेन देन बढे हैं। दूरगामी परिणाम हेतु कुछ समय के लिये दिक्कत आ सकती हैं। स्थितियाँ सामान्य हो रही हैं। घर में रखा अप्रयुक्त धन बैंक में रखने से देश का विकास हो सकता है। 8 नवम्बर, 2016 को प्रधानमंत्री द्वारा लिये गये निर्णय से भारत नकद विहीन लेन देन अभियान में विश्व की अर्थव्यवस्था में टाॅप टेन में से एक है। यह निर्णय भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने वाला निर्णय है। उन्होंने कहा कि भारत एक दिन फिर से विश्व गुरू बनेगा।

केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री श्री संतोष गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में आर्थिक परिवर्तन की शुरूआत की गयी है। नोटबंदी के बाद देश में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहे हैं। नेट कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करने के लिये पूरे देश में विद्युतीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के बाद नकद विहीन लेन देन को प्रोत्साहित करने के लिये जनता को इससे जोड़ने की जरूरत है।

इस अवसर पर श्री आलोक कुमार सलाहकार नीति आयोग ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा राष्ट्रीय ई गवर्नेस की अध्यक्षा श्रीमती एस0 राधा चाहौन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (498/64)

RuPay

RuPay

UPI